AMAR UJALA

Page No. 05 Date. 8th Aug 2019

आईटीएस में ब्रेस्ट फीडिंग वीक मनाया

गाजियाबाद। आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर द्वारा ब्रेस्ट फीडिंग वीक मनाया गया। आजकल एक ओर जहां महिलाएं अपने बच्चों के लिए बहुत वहीं कुछ महिलाएं अपना शरीर महिलाएं के खराब होने के डर से बच्चों को अपना दूध नहीं पिलातीं। जबकि छह महीने तक बच्चे के लिए मां का दूध ही संजीवनी होता हे। इसी को लेकर महिलाओं को जागरूक करने के लिए यह हफ्ता मनाया जाता है। इस एक सप्ताह तक विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाकर महिलाओं को ब्रेस्ट फीडिंग के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा उन्हें ब्रेस्ट कैंसर की जांच की भी जानकारी दी गई। कैंप में आई महिलाओं का बाद में डेंटल चेकअप भी किया गया।

इस सप्ताह मुरादनगर के सीएचसी सहित भदौली गांव में आशाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं सहित वहां की स्थानीय महिलाओं को बेस्ट कैंसर से बचाव के लिए खुद कैसे जांच करें इसकी जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्य रुप से डॉ. आरपी चड्ढा, अर्पित चड्ढा, विनोद सचदेव, देवी चरण शेट्टी, इप्शिता मेनन और डॉ. रितु गुप्ता मौजूद रहीं।

Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 02 **Date. 8th Aug 2019**

फटाफट खबरें

विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन

■ **एनबीटी न्यूज, मुरादनगर:** आईटीएस डेंटल कॉलेज में आयोजित विश्व स्तनपान सप्ताह का बुधवार को समापन हो गया। समापन समारोह में महिलाओं को स्तनपान से होने वाले फायदों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा व वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि विश्व स्तनपान सप्ताह संसार के लगभग 120 देशों में मनाया जाता है। स्तनपान कराने वाली महिलाएं स्तन कैंसर, ओवेरियन कैंसर, टाइप-2 मधुमेह व हृदय रोग समेत कई अन्य बीमारियों से दूर रहती हैं।